Press Release

IIM Raipur 9th HR Summit 2025, Brings Industry Leaders Together to Redefine People, Purpose, and Possibilities

Raipur, November 8, 2025: Indian Institute of Management Raipur commenced its 9th HR Summit on 8th November 2025 with the theme "People, Purpose, and Possibilities". The summit aims to bring together industry leaders, visionaries, and innovators to navigate and shape the future of HR and drive transformative change. It witnessed the presence of Honourable Chief Guest Ms. Suparna Tandon, Chief Executive Officer, NPS Trust, and Guest of Honour Ms. Rajita Singh, Chief People Officer, Kyndryl.

The inaugural session began with an address by Prof. Mohit Goswami, Chairperson, Corporate Relations & Placement, IIM Raipur who emphasized that people are the true driving force of any organization, giving it purpose, direction, and vitality. He highlighted that purpose gives meaning to every value and decision, while resources define the destination.

Following this, Prof. Sanjeev Prashar, Director-in-Charge, IIM Raipur, emphasized how talent remains the true driver of success. He outlined three pillars of organizational excellence—Culture, Capability, and Conscience. He described culture as the "operating system of an organization," noting that employee disengagement and weak culture can hinder performance. On capability, he stressed that technology should augment people and that reskilling is essential for survival. Speaking on conscience, he highlighted that leaders with integrity foster sustainable growth.

As the session progressed, the stage was taken by the Chief Guest, Ms. Suparna Tandon, who was warmly welcomed by Prof. Parikshit Charan of IIM Raipur. In her keynote address, Ms. Tandon emphasized that in today's uncertain and volatile environment, the role of HR must evolve beyond traditional hiring and support functions to become a strategic partner in building resilient organizations. She highlighted the three key themes of people, process, and possibilities, stressing the importance of diversity, equity, inclusion, and a culture of trust and empowerment. Concluding her address, she remarked that *"*HR is not a support function. HR is a strategic function.*"*

The event then began with its first panel discussion with Prof. Saroj Pani of IIM Raipur, the moderator for the discussion on the theme "Leadership Redefined: Building Agile, Ethical and Human-Centered Leaders" featuring Ms. Suparna Tandon, Chief Executive Officer, National Pension System Trust (NPS Trust); Shri Chirag Suchak, Head of Human Resources, Settlin; Ms. Vishwa Bhatt, Head of Human Resources and Learning & Development, Kalpataru Power Transmissions Limited; Ms. Deepika Jain, Head Talent Acquisition, Bridgestone India; Ms. Bhavana Menon, Senior Manager Performance Management, Bharat Petroleum Corporation Limited and Ms. Shruti Shrivastava, Senior Vice President Human Resources, Citi. The panel explored the evolving dimensions of leadership and organizational agility in an increasingly dynamic business landscape. Discussion centered on managing large-scale change, fostering resilience, and building trust as the foundation of sustainable growth. Leaders must balance empathy with efficiency, embrace generational mindset shifts, and bridge global vision with local adaptability. The conversation also highlighted the need for leadership agility, and continuous learning.

The second panel witnessed the discussion on "Leading With Conscience: Redefining Corporate Ethics For The Modern Workplace". It was moderated by Prof. M. Kannadhasan of IIM Raipur, and featured

Shri Nanda Rackanchath, Strategic Human Resources Advisor & Mentor, Former CHRO with TATA Companies; Shri Bheemsha LT, National Head - Tractors TI FM, Mahindra and Mahindra Ltd.; Shri Parvez Siraj, Chief Of Staff - GTO, Lupin; Shri Prem Sagar Mishra, Former CMD, SECL and Shri Rahul Ghai, General Manager - Human Resources, CBRE South Asia Pvt Ltd. The panel emphasized that ethical leadership is central to building sustainable and value-driven organizations. Discussions highlighted the need for courage, accountability, and integrity in everyday decisions, urging a shift from compliance to commitment. The conversation also underscored that ethics, diversity, and well-being drive long-term success, and that future leaders must balance digital agility with emotional intelligence and conscience.

The third panel centered around the theme 'Talent Management in the Age of AI and Automation' was moderated by Prof. Sumeet Gupta of IIM Raipur. The panel featured Ms. Manavi Pathak, Head - Learning and Organizational Development, Samsung; Shri Marcel Fernandes, Head of Skill Development & Capability Building, Tata Motors; Ms. Aprajita Sinha, Associate Vice President, InfoEdge India Ltd.; Shri Durga Prasanna Nayak, Head of Human Resources, Aster DM Healthcare; Ms. Ruchika Godha, Chief Operating Officer, Advaiya Solutions Inc. and Ms. Anjali Mandotra, Associate Vice President - Human Resources, YAAP. The panel discussed the growing influence of Artificial Intelligence on talent and the future of work. It was emphasized that while AI is a powerful enabler, it cannot replace human judgment, empathy, and creativity. Across industries, AI is driving efficiency and better decision-making, but its impact depends on responsible use and critical thinking. The session concluded with AI is not a threat but a collaborator, its value lies in how intelligently and ethically it is applied.

The first day of the 8th HR summit concluded with three panels that engaged in lively and enriching discussions.

The students look forward to tomorrow's panel discussions, which will deliver valuable insights into these pressing topics, helping students and professionals understand the evolving role of HR in shaping healthier, more adaptable, and socially responsible workplaces. These discussions will equip attendees with actionable strategies to navigate the future of work and foster sustainable business practices.

About IIM Raipur:

Established in 2010, IIM Raipur is a hub for nurturing dynamic leaders, equipping them with the knowledge, experience, and invaluable contacts needed to excel in their respective fields of business. Our institution draws strength from over 50 accomplished academicians across various business domains and over 700 of the brightest minds in the country. In 2025, IIM Raipur proudly achieved significant rankings, including 15th in the MHRD-NIRF Business Ranking and 13th in the IIRF 2025 Ranking. In 2024, secured the top spot in the CSR- GHRDC B-school Ranking, and ranked 8th in the Outlook-ICARE list. We are one of the fastest-growing IIMs in the nation. Nestled in the vibrant heart of Chhattisgarh, Naya Raipur, our new, state-of-the-art campus seamlessly blends modern architecture with Chhattisgarh's rich culture and heritage, creating a unique and inspiring learning environment.

For more information, please visit: www.iimraipur.ac.in

INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT RAIPUR

Building Business Owners

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर
Indian Institute of Management Raipur
Proudly Presents

16
HR SUMMIT

16
SPEAKER PROFILES
HR SUMMIT
PANEL 1:
Leadership Redefined: Building Agile, Ethical & Human-Centered Leaders
Bhavana Menon
Chirag Suchak

प्रेस विज्ञप्ति

आईआईएम रायपुर का 9वाँ ऐच. आर. समिट 2025 - लोगों, उद्देश्य एवं संभावनाओं को पुनर्परिभाषित करने हेतु उद्योग जगत के नेताओं को एक साथ लाया

रायपुर, 8 नवम्बर 2025: भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर (भा.प्र.सं. रायपुर) ने 8 नवम्बर 2025 को "लोग, उद्देश्य और संभावनाएँ" विषय के साथ अपने 9वें मानव संसाधन (एच.आर.) शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य उद्योग जगत के नेताओं, दूरदर्शी विचारकों एवं नवप्रवर्तकों को एक साथ लाकर मानव संसाधन के भविष्य को दिशा देना तथा रूपांतरणात्मक परिवर्तन को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सम्माननीय मुख्य अतिथि सुश्री सुपर्णा टंडन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास (एन.पी.एस. ट्रस्ट) तथा विशिष्ट अतिथि सुश्री रजिता सिंह, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, किन्द्रिल उपस्थित रहीं।

उद्घाटन सत्र का आरम्भ भा.प्र.सं. रायपुर के कॉरपोरेट संबंध एवं प्लेसमेंट अध्यक्ष प्रो. मोहित गोस्वामी के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक प्रेरक शक्ति उसके लोग होते हैं, जो उसे उद्देश्य, दिशा और जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि उद्देश्य प्रत्येक मूल्य और निर्णय को अर्थ देता है, जबकि संसाधन गंतव्य को परिभाषित करते हैं।

इसके उपरान्त निदेशक-प्रभार प्रो. संजीव पराशर ने कहा कि प्रतिभा ही सफलता की वास्तविक प्रेरक शक्ति है। उन्होंने संगठनात्मक उत्कृष्टता के तीन स्तंभों संस्कृति, क्षमता और अंतःकरण पर बल दिया। उन्होंने संस्कृति को "संगठन का परिचालन तंत्र" बताते हुए कहा कि कर्मचारियों की उदासीनता एवं कमजोर संस्कृति प्रदर्शन में बाधा उत्पन्न कर सकती है। क्षमता के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी को मनुष्यों का सहयोगी बनना चाहिए और पुनःकौशल विकास (री-स्किलिंग) अस्तित्व के लिए आवश्यक है। अंतःकरण के संदर्भ में उन्होंने कहा कि निष्ठा वाले नेता ही सतत विकास को सुनिश्चित करते हैं।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि सुश्री सुपर्णा टंडन का स्वागत भा.प्र.सं. रायपुर के प्रो. परिक्षित चरण ने किया। अपने मुख्य वक्तव्य में सुश्री टंडन ने कहा कि आज के अनिश्चित और अस्थिर परिवेश में मानव संसाधन की भूमिका केवल पारंपरिक नियुक्ति या सहायक कार्य तक सीमित नहीं रह सकती; इसे संगठनात्मक स्थिरता एवं दृढ़ता विकसित करने हेतु सामरिक भागीदार की भूमिका निभानी होगी। उन्होंने लोगों, प्रक्रियाओं और संभावनाओं के तीन मुख्य विषयों पर बल दिया तथा विविधता, समानता, समावेशन, विश्वास और सशक्तिकरण की संस्कृति के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य का समापन इस विचार के साथ किया कि "मानव संसाधन कोई सहायक कार्य नहीं, बल्कि एक सामरिक कार्य है।"

कार्यक्रम का पहला पैनल चर्चा सत्र "नेतृत्व पुनर्परिभाषित: चपल, नैतिक और मानव-केंद्रित नेतृत्व का निर्माण" विषय पर हुआ, जिसका संचालन भा.प्र.सं. रायपुर के प्रो. सरोज पाणी ने किया। इस चर्चा में सुश्री सुपर्णा टंडन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास; श्री चिराग सुचक, मानव संसाधन प्रमुख, सेटलिन; सुश्री विश्वा भट्ट, मानव संसाधन एवं अधिगम-विकास प्रमुख, कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड; सुश्री दीपिका जैन, प्रतिभा अधिग्रहण प्रमुख, ब्रिजस्टोन इंडिया; सुश्री भावना मेनन, वरिष्ठ प्रबंधक, प्रदर्शन प्रबंधन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा सुश्री श्रुति श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मानव संसाधन, सिटी, शामिल रहीं। इस पैनल ने नेतृत्व एवं संगठनात्मक चपलता के बदलते आयामों पर विचार किया। चर्चा में बड़े पैमाने पर परिवर्तन प्रबंधन, दृढ़ता का विकास और विश्वास को सतत विकास की नींव के रूप में सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। नेताओं को सहानुभूति और दक्षता के बीच संतुलन बनाने, पीढ़ीगत सोच के अंतर को अपनाने तथा वैश्विक दृष्टि को स्थानीय अनुकूलन के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया गया। संवाद में नेतृत्व की चपलता एवं निरंतर अधिगम की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया।

दूसरे पैनल चर्चा सत्र का विषय था "अंतःकरण के साथ नेतृत्व: आधुनिक कार्यस्थल के लिए कॉर्पोरेट नैतिकता का पुनर्परिभाषण", जिसका संचालन भा.प्र.सं. रायपुर के प्रो. एम. कन्नधासन ने किया। इसमें श्री नंदा रक्कांचथ, सामरिक मानव संसाधन सलाहकार एवं मार्गदर्शक, पूर्व मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (टाटा समूह); श्री भीमशा एल.टी., राष्ट्रीय प्रमुख – ट्रैक्टर्स टी.आई.एफ.एम., महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड; श्री परवेज सिराज, प्रमुख – जी.टी.ओ., ल्यूपिन; श्री प्रेम सागर मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एस.ई.सी.एल.; तथा श्री राहुल घई, महाप्रबंधक - मानव संसाधन, सी.बी.आर.ई. साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहे। इस पैनल ने रेखांकित किया कि नैतिक नेतृत्व सतत एवं मूल्य-आधारित संगठनों के निर्माण की मूल आधारशिला है। चर्चा में साहस, उत्तरदायित्व एवं निष्ठा को दैनिक निर्णयों में समाहित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिससे केवल अनुपालन नहीं बल्कि प्रतिबद्धता की संस्कृति विकसित हो सके। संवाद ने यह भी रेखांकित किया कि नैतिकता, विविधता और कल्याण ही दीर्घकालीन सफलता के प्रेरक तत्व हैं और भविष्य के नेताओं को डिजिटल चपलता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं अंतःकरण के बीच संतुलन बनाना होगा।

तीसरे पैनल का विषय था "कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन के युग में प्रतिभा प्रबंधन", जिसका संचालन भा.प्र.सं. रायपुर के प्रो. सुमीत गुप्ता ने किया। इस पैनल में सुश्री मनवी पाठक, प्रमुख – अधिगम एवं संगठनात्मक विकास, सैमसंग; श्री मार्सेल फर्नांडीस, प्रमुख – कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण, टाटा मोटर्स; सुश्री अपराजिता सिन्हा, सहायक उपाध्यक्ष, इंफोएज इंडिया लिमिटेड; श्री दुर्गा प्रसन्न नायक, प्रमुख – मानव संसाधन, एस्टर डी.एम. हेल्थकेयर; सुश्री रुचिका गोधा, मुख्य परिचालन अधिकारी, एडवैया सॉल्यूशंस इंक. तथा सुश्री अंजलि मन्दोत्रा, सहायक उपाध्यक्ष – मानव संसाधन, याप, शामिल रहीं। पैनल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव और कार्य के भविष्य पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि यद्यपि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली सहायक है, परंतु यह मानवीय निर्णय, सहानुभूति एवं रचनात्मकता का स्थान नहीं ले सकती। उद्योग जगत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता दक्षता एवं बेहतर निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ा रही है, किंतु उसका वास्तविक प्रभाव उसकी उत्तरदायी एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर निर्भर करता है। सत्र का निष्कर्ष यह रहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कोई खतरा नहीं, बल्कि सहयोगी है उसका मूल्य इस बात में है कि उसे कितनी बुद्धिमत्ता एवं नैतिकता के साथ लागू किया जाता है।

9वें ऐच. आर. समिट के प्रथम दिवस का समापन इन तीन समृद्ध एवं विचारोत्तेजक पैनल चर्चाओं के साथ हुआ।

छात्रवृन्द आगामी दिवस की चर्चाओं के लिए उत्साहित हैं, जिनसे इन महत्वपूर्ण विषयों पर और गहन दृष्टिकोण प्राप्त होगा। ये संवाद छात्रों एवं पेशेवरों को यह समझने में सहायता करेंगे कि मानव संसाधन की भूमिका कैसे अधिक स्वस्थ, अनुकूलनीय एवं सामाजिक रूप से उत्तरदायी कार्यस्थलों के निर्माण में निरंतर विकसित हो रही है। इन चर्चाओं से प्रतिभागियों को भविष्य के कार्यस्थल की दिशा में मार्गदर्शन हेतु व्यावहारिक रणनीतियाँ प्राप्त होंगी और सतत व्यापारिक प्रथाओं को सुदृढ़ करने की प्रेरणा मिलेगी।

भा.प्र.सं. रायपुर के बारे में:
वर्ष 2010 में स्थापित भा.प्र.सं. रायपुर गतिशील नेताओं के पोषण का केंद्र है, जो उन्हें व्यवसाय के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु आवश्यक ज्ञान, अनुभव एवं मूल्यवान संपर्क प्रदान करता है। संस्थान में 50 से अधिक प्रतिष्ठित शिक्षाविदों का संकाय एवं देश के 700 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का समूह है। वर्ष 2025 में भा.प्र.सं. रायपुर ने उल्लेखनीय रैंकिंग प्राप्त की — एम.एच.आर.डी.–एन.आई.आर.एफ. व्यवसाय रैंकिंग में 15वाँ स्थान एवं आई.आई.आर.एफ. 2025 रैंकिंग में 13वाँ स्थान। वर्ष 2024 में सी.एस.आर.–जी.एच.आर.डी.सी. बी-स्कूल रैंकिंग में प्रथम स्थान तथा आउटलक–आई.केअर सूची में 8वाँ स्थान प्राप्त किया। यह देश के सर्वाधिक तीव्र गति से प्रगति कर रहे भा.प्र.सं. में से एक है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी नया रायपुर के हृदय में स्थित यह अत्याधुनिक परिसर आधुनिक वास्तुकला एवं प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और विरासत का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है, जो शिक्षार्थियों के लिए प्रेरणादायी एवं उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण प्रदान करता है।

अधिक जानकारी हेतु कृपया देखें: www.iimraipur.ac.in